**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 08.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलेशिया के कुआलालंपुर में डिजिटल भुगतान से लेकर रणनीति साझेदारी तक दोनों देशों के सहयोग की उपलब्धियां गिनाई।
- अमरीका ने यूएस व्यापार प्रतिनिधि के मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चिन को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया।
- मानसून से पहले दक्षिण अंडमान की महत्वपूर्ण संपर्क सड़क हवाघर से कार्बाइंस कोव के सुधार को मंजूरी दी गई ।
- द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा के गुणवत्ता को मिली नई पहचान–पचहत्तर स्वास्थ्य संस्थानों को एन क्यू ए एस का दर्जा मिला।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया के दो दिन के आधिकारिक दौरे पर हैं। श्री मोदी ने कुआलालंपुर के माइंस एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भारतीय समुदाय लोगों के कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय डायस्पोरा को दोनों देशों के दिलों को जोड़ने वाली एक ऐसी कड़ी बताया, जो सदैव सक्रिय रहती है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ अपनी पुरानी दोस्ती को याद करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने पिछले साल के आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल न हो पाने के बाद मलेशिया आने का वादा किया था, जिसे उन्होंने अब पूरा किया है। श्री मोदी ने कहा कि सौ से अधिक भारतीय आईटी कंपनियां मलेशिया में काम कर रही हैं, जिससे हजारों नौकरियां पैदा हो रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि भारत का डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म UPI जल्द ही मलेशिया में भी लॉन्च किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड की सुविधा छठी पीढ़ी तक बढ़ा दी गई है, भारत में पढ़ने वाले छात्रों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति शुरू की जाएगी, और मलेशिया में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि चाहे वे कुआलालंपुर में पैदा हुए हों या कोलकाता में, भारत उनके दिलों में बसता है, और एक समृद्ध मलेशिया और एक विकसित भारत के विजन में योगदान देने के लिए भारतीय डायस्पोरा की प्रशंसा की।

<><><><><><><>

भारत और अमरीका ने जैसे ही व्यापार पर द्विपक्षीय अंतरिम समझौते के फ्रेमवर्क की डिटेल्स की घोषणा की, कल अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि के ऑफिस की ओर से जारी भारत के एक नक्शे ने दुनिया का ध्यान खींचा। अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि की ओर से सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट किए गए मानचित्र में, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर सहित जम्मू और कश्मीर के पूरे क्षेत्र को भारतीय क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है। इसी तरह, चीन द्वारा दावा किया गया अक्साईचिन क्षेत्र भी भारतीय क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जो अमरीका की ओर से एक महत्वपूर्ण संदेश है। पिछले मौकों पर, भारत के मानचित्र में पी ओ के और अक्साई चिन क्षेत्र को दिखाने के लिए एक सीमा रेखा दिखाई गई थी। लेकिन यू एस टी आर की ओर से जारी भारत का नक्शा जम्मू और कश्मीर के पूरे क्षेत्र को, इन दोनों क्षेत्रों सहित, भारत का एक अभिन्न अंग के रुप में दिखाया गया है। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि जम्मू और कश्मीर का पूरा केंद्र शासित प्रदेश हमेशा से भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल भारत–कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रभाव शिखर सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान, परिचर्चा और संवाद सत्रों के माध्यम से उभरती ए आई तकनीकों, नवाचार एवं द्वीपों में संभावित उपयोगों पर चर्चा होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने नयागांव के हवाघर से कार्बाइंस कोव को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के पुनर्निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दी गई है और कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। सड़क की जर्जर स्थिति और मानसून को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अंडमान लोक निर्माण विभाग को निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, जिसे पूरा कर लिया गया है। यह मार्ग चिड़ियाटापू एवं गाराचरमा से सचिवालय क्षेत्र तक द्वितीय संपर्क मार्ग के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क पर बिटुमिनस मैकडम एवं बिटुमिनस कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी। मानसून से पूर्व कार्य पूर्ण होने से यातायात सुगम और सुरक्षित होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय के अनुसार अंडमान मैराथन के दौरान आज सुबह आठ बजे तक सेल्युलर जेल से कार्बाइंस कोव तक की सड़क बंद रहेगी।

<><><><><><><>

चौदह फरवरी से प्रस्तावित प्रथम द्वीप पक्षी महोत्सव से पूर्व पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें पारिस्थितिक भ्रमण, पक्षी प्रश्नोत्तरी, घोंसला निर्माण, चित्रांकन और 'पक्षियों की रक्षा' विषयक गतिविधियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं पक्षी प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी रही।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने हट बे पंचायत के ओंगी टिकरी शेल्टर में ग्रामीण महिलाओं एवं पशुपालकों के लिए वैज्ञानिक दुग्ध पशुपालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण में संतुलित आहार, स्वच्छता, रोग रोकथाम, कृत्रिम गर्भाधान, चारा उत्पादन, साइलैज निर्माण, अजोल्ला एवं हाइड्रोपोनिक चारा तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने आधुनिक तरीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा विभाग ने गुणवत्ता प्रमाणन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कुल पचहत्तर स्वास्थ्य संस्थानों को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जिनमें से तीस आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन मिला है। इनमें दक्षिण अंडमान से सोलह, निकोबार से चार तथा मध्योत्तर अंडमान से दस संस्थान शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पत्थरगड्ढा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोक्सो अधिनियम, दो हजार बारह तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम, दो हजार छः पर जानकारी दी गई। अधिवक्ताओं द्वारा बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की अवधारणा समझाई गई तथा बाल सुरक्षा पर आधारित वीडियो प्रदर्शित किया गया। छात्रों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने कालापानी फाग मंडली के सहयोग से मरीना एस्प्लानेड में फाग लोकगायन पर आधारित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। फाग एक दुर्लभ लोकसंगीत परंपरा है, जिसे उन्नीस सौ से पूर्व बसने वाले लोग द्वीपों पर लाए थे। यह वसंत पंचमी से होली तक के काल से जुड़ी है और सामूहिक गायन के माध्यम से ऋतु परिवर्तन, भक्ति, प्रेम एवं सामाजिक सौहार्द को व्यक्त करती है। कार्यक्रम का उद्देश्य लुप्त होती अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना था। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे द्वीपों की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का सशक्त उदाहरण बताया।

**<><><><><><><>**

एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान आज दोपहर दो से शाम चार बजे तक लोड किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह आठ से नौ बजे तक चलेगा।

**<><><><><><><>**